# रियल लाइफ बेस्ड फिल्म 'अब दिल्ली दूर नहीं' 12 मई को होगी रिलीज





## मुफलिसी से संघर्ष कर आईएएस बनने तक के सफर की कहानी युवाओं को करेगी प्रेरित

## इस फिल्म का नॉलेज पार्टनर है देश का प्रसिद्ध संस्थान चाणक्य आईएएस एकेडमी

## कमल चंद्रा की इस फिल्म में बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता झारखंड के इमरान जाहिद व श्रुति सोढ़ी निभाई है मुख्य भूमिका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

काफी वक्त से चर्चा में रहे मेहनतकश युवाओं के संघर्ष पर आधारित रियल लाइफ बेस्ड फिल्म 'अब दिल्ली दूर नहीं' का इंतजार खत्म होने वाली है। आगामी 12 मई को यह फिल्म देश भर के सिनेमा घरों में रिलीज होने जा रही है। इमरान जाहिद व श्रुति सोढ़ी जैसे सितारों से सजी इस फिल्म को लेकर सोमवार को राजधानी रांची के लालपुर स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें फिल्म के मुख्य किरदार निभाने वाले झारखंड के लाल इमरान जाहिद, चाणक्य आईएएस एकेडमी के चेयरमैन व सक्सेस गुरू एके मिश्रा, संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा मौजूद रहे। बता दें कि चाणक्य आईएएस एकेडमी के चेयरमैन व सक्सेस गुरू एके मिश्रा की प्रस्तुतिकरण फिल्म 'अब दिल्ली दूर नहीं' एक इमोशनल-ड्रामा फिल्म है, जो एक मोटिवेशनल कहानी पर आधारित है। इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग दिल्ली के मुखर्जी नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय, चाणक्य आईएएस एकेडमी के दिल्ली के सभी शाखाओं में, कमलानगर, राजेंद्रनगर, कनॉटप्लेस, तिहाड़जेल और गोविंदपुरी पुलिस स्टेशन जैसी जगहों पर की गई है। फिल्म के कुछ हिस्सों को नोएडा में भी फिल्माया गया है। इस फिल्म का निर्माण शाइनिंग सन स्टूडियो के विनय भारद्वाज और संजय मवार ने किया है। इस फिल्म की कहानी दिनेश गौतम ने लिखी है और निर्देशन कमल चंद्रा ने किया है। दरअसल फिल्म 'अब दिल्ली दूर नहीं' एक रिक्शा चालक के बेटे की कहानी से प्रेरित है, जिसका नाम गोविंद जायसवाल है। इनका चयन सिविल सेवा परीक्षा 2007 में बतौर आईएएस के रूप में हो चुका है। उस वक्त देश भर में इसकी काफी चर्चा भी हुई थी। फिल्म का नॉलेज पार्टनर देश का प्रसिद्ध संस्थान चाणक्य आईएएस एकेडमी है। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान इस फिल्म अभिनेता इमरान जाहिद ने दी। उन्होंने बताया कि दरअसल यह फिल्म चाणक्य आईएएस एकेडमी के चेयरमैन व सक्सेस गुरू एके मिश्रा की अपने 30 वर्षों के संघर्षों की अवधारणा पर आधारित है, जो युवाओं को प्रेरित करने के साथ साथ काफी प्रभावित करेगी। श्री जाहिद ने बताया कि इस फिल्म के जरिए सक्सेस गुरू के लंबे अनुभव को भी साझा किया गया है, जो फिल्म को और भी खास बना देती है।

वहीं चाणक्य आईएएस एकेडमी के चेयरमैन व सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने बताया कि 30 वर्षों के संघर्षों के उतार- चढ़ाव के बाद सफलता की लंबी लकीर वाकई युवाओं के लिए प्रेरणादायी हो सकता है। लेकिन यह भी सच है कि जब फिल्म रिलीज होगी और इसे आप देखेंगे तो 'अब दिल्ली दूर नहीं' हर एक मेहनतकश परिवार के विद्यार्थी की कहानी महसूस होगी। दरअसल यह फिल्म ऐसे तमाम युवाओं की कहानी को जोड़ पाएगा, जो एक छोटे से इलाके से जाकर दिल्ली जैसे महानगर में संघर्ष करता है और अपनी मंजिल हासिल करता है। सक्सेस गुरू ने बताया कि यह फिल्म साबित करता है कि हमारी नियति तय करने की क्षमता सितारों में नहीं बल्कि खुद में होती है। इसलिए इस फिल्म को लेकर यह कहा जा सकता है कि यह फिल्म मेहनतकश युवाओं के संघर्ष से लेकर सफलता हासिल करने तक की कहानी है। चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा बताते हैं कि संघर्ष से सफलता तक के सफर की मोटिवेशनल कहानी, जो 'अब दिल्ली दूर नहीं' फिल्म में दशार्या गया है, उस फिल्म में चाणक्य आईएएस एकेडमी के संस्थापक एके मिश्रा के संघर्ष की कहानी भी महसूस की जा सकेगी। बता दें कि झारखंड के हजारीबाग जिला स्थित बड़कागांव प्रखंड के एक छोटे से गांव लंगातु में शिक्षक के घर एक बालक का जन्म हुआ, जिसका नाम अरूण रखा गया। ग्रामीण माहौल में परवरिश पाए अरूण विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए स्कूली पढ़ाई गांव में ही पूरी की। इसके बाद अपने कॉलेज की पढ़ाई हजारीबाग के संत कोलंबा महाविद्यालय में पूरी करने के बाद मन में आईएएस बनने का सपना संजोए देश की राजधानी दिल्ली की ओर रूख करता है। विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए संघर्ष के दिनों में ही समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन को लेकर आईएएस बनने के बजाय युवाओं को आईएएस बनाने का ख्याल अरूण के मन में आता है और इसी उद्देश्य को लक्ष्य मानकर अरूण के द्वारा चाणक्य आईएएस एकेडमी की स्थापना राजधानी दिल्ली में वर्ष 1993 में की जाती है। अपने उद्देश्य को पूरा होता हुआ देख अरूण कुमार देश के विभिन्न हिस्सों में संस्थान की शाखाएं खोलते हैं। हालांकि इस कार्य में उन्हें अपने छोटे भाई विनय मिश्रा की काफी मदद मिलती है और विनय मिश्रा अपने बड़े भाई के कंधे से कंधे मिलाकर सफलता के भागीदार बनते हैं। और बाद में इस नेक और सामाजिक कार्य में चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा की पत्नी रीमा मिश्रा बतौर जनरल मैनेजर और बाद के दिनों में उनके बेटे अभिनव मिश्रा व अनुराग मिश्रा बतौर झारखंड प्रभारी इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। इस तरह संस्थान के 30 वर्षों के सफर के बाद चाणक्य आईएएस एकेडमी से तैयारी किए 5000 से भी अधिक युवा आईएएस, आईपीएस, आईएफएस जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर देश सेवा में अहम योगदान दे रहे हैं। इस खास उपलब्धि के साथ साथ अरूण कुमार मिश्रा देश ही नहीं बल्कि विश्व भर में बतौर मोटिवेशनल स्पीकर भी ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। यही वजह है कि एक समय का छोटे से गांव में जन्म लेने वाला अरूण अब सक्सेस गुरू एके मिश्रा के नाम से पूरे विश्व में जाने जाते हैं।

क्या है फिल्म की कहानी : यह फिल्म जिंदगी में कामयाबी और नाकामयाबी की कहानी की पड़ताल करती नजर आती है। बिहार के एक छोटे से गांव का भोला भाला लड़का अभय शुक्ला, जो अपने घरेलू आर्थिक स्थिति को लेकर चिंतित रहता है, आईएएस का सपना संजोए दिल्ली आ जाता है। यहां पढ़ाई कर वह आईएएस की परीक्षा में शामिल होकर कामयाब होना चाहता है और वह ऐसा अपने घर की मुफलिसी दूर करने के लिए करना चाहता है। लक्ष्य को आधार बनाकर लगन से की गई अभय की मेहनत रंग लाती है और आगे चलकर अभय आईएएस की परीक्षा टॉप कर जाता है। हालांकि अभय के इस सफलता की राह काफी मुश्किलों से भरा है। उसका सामना चुनौतीपूर्ण सामाजिक मानदंडों से होता है। वह राजनीतिक से लेकर सांस्कृतिक विडंबनाओं का सामना करता है, जिसे इस फिल्म में बखूबी दशार्या गया है। वहीं दूसरी ओर फिल्म में समानांतर रूप से एक लव स्टोरी भी चलती रहती है। अभय की गर्लफ्रेंड की किरदार में अभिनेत्री श्रुति सोढ़ी ने शानदार काम किया है। फिल्म में वह एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है और एक पंजाबी लड़की की भूमिका में है। तो इस तरह देखा जाए तो ₹अब दिल्ली दूर नहीं₹ एक कंप्लीट इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जिसे दर्शकों से भरपूर प्यार मिलने की उम्मीद है।

अभिनेता व अभिनेत्री का परिचय : झारखंड के बोकारो सेक्टर 9 में जन्में इमरान जाहिद की प्रारंभिक शिक्षा बोकारो के सेक्टर 4 डीएवी पब्लिक स्कूल में हुई और उसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम की पढ़ाई पूरी की। आगे अभिनय की दुनिया में अपना रुख किया और थिएटर आर्टिस्ट अरविंद गौड़ के साथ अभिनय की बारीकियां सीखीं, जिसके दम पर कहा जाता है इमरान जाहिद कमाल के कलाकार हैं। वह द लास्ट सैल्यूट जैसे प्रतिष्ठित नाटक में भी काम कर चुके हैं। यह नाटक इराकी पत्रकार मुंतधर अल जैदी की किताब द लास्ट सैल्यूट टू प्रेसिडेंट बुश पर आधारित है। इसके साथ ही इमरान ने महेश भट्ट की फिल्म अर्थ, डैडी और हमारी अधूरी कहानी पर बेस्ड कई नाटकों में भी काम किया है। फिल्म अब दिल्ली दूर नहीं में इमरान जाहिद ने अभय शुक्ला के चरित्र और कहानी को जीवंत कर दिया है। इमरान में किरदार को लेकर गहरी समझ दिखती है, जिससे उनका किरदार नेचुरल लगता है। वहीं अभिनेत्री श्रुति सोढ़ी ने जनवरी 2015 में रिलीज तेलुगू फिल्म ₹पटास₹ से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी और अब तक हैप्पी गो लकी, मिस्टर एंड मिसेज 420, वैशाखी लिस्ट और दिल विल प्यार व्यार जैसे पंजाबी फिल्म फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

**क्या है इस फिल्म की खासियत**

इस फिल्म की एक सबसे बड़ी खासियत है कि फिल्म का कॉस्टयूम तिहाड़ जेल के कैदियों ने डिजाइनर विक्की सिंह के देखरेख में तैयार की है। वहीं दूसरी ओर फिल्म इंडस्ट्री के वर्तमान दौर में जब सुपर हीरो की खूब तारीफ होती है और एक आम इंसान को नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो ऐसे में इस फिल्म की कहानी बताती है कि किस तरह एक साधारण गांव का लड़का पूरे समाज को कैसे चौंका जाता है। या यूं कहें कि वह समाज की सोंच को ही बदल देता है। वह साबित करता है कि कैसे विफलता और अपमान से भरी जिंदगी में भी संघर्ष के रास्ते मंजिल के शिखर पर पहुंचा जा सकता है।

---

### डीसी ने भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की

# भारत माला परियोजना के अंतर्गत मुआवजा राशि भुगतान करें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोमवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची, राजेश बरवार, परियोजना निदेशक (पीआईयू) रांची एवं गुमला, उप प्रबंधक भारत माला परियोजना, सहायक एवं कनीय अभियंता एनएच डिवीजन, अंचल अधिकारी ओरमांझी, जिला भू-अर्जन कानूनगो एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने भू-अर्जन संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एनएच-33 गुमला-पलमा परियोजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि शेष राशि भुगतान के लिए आयोजित कैंप के माध्यम से आवेदन प्राप्त करते हुए मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करायें। साथ ही उपायुक्त द्वारा जिला भू-अर्जन कार्यालय के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं हेतु अधिग्रहित भूमि का नामांतरण करने के संबंध में भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन के मामले में जितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उनके म्यूटेशन से संबंधित बैठक अगले सप्ताह आयोजित की जायेगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने एनएच-23 गुमला-पलमा परियोजना अंतर्गत छूटे हुए प्लॉट का 3डी एवं 3 जी जल्द से जल्द घोषित कर रैयतों को भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निदेश संबधित पदाधिकारी को दिये। एनएच-23 के पलमा-पिस्का सेक्शन में पतराचौली एवं अन्य स्थानों पर जहां निर्बाध काम कराने के लिए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि सड़क निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न करनेवाले अवांछित तत्वों से निपटा जा सके। उपायुक्त ने इस कार्य में तेजी लाने के निदेश दिये। उपायुक्तद्वारा एनएच-33 एवं बाईपास रोड़ के कार्य में तेजी लाने का निर्देश परियोजना निदेशक को दिया गया। उन्होंने रैयतों को 15 दिनों के अंदर मुआवजा राशि भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बारीडीह आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु मौजा जारिया में भूमि चिन्हित कर हस्तांतरण की कार्रवाई जल्द से जल्द करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिये।

## मामूली विवाद में पत्नी को कुदाल से काटकर उतारा मौत के घाट, पति गिरफ्तार

**खूंटी।** पत्नी की लगातार किचकिच से परेशान पति ने रविवार की रात कुदाल से काटकर मौत के घाट पर उतार दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में पति अजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उकड़ीमाड़ी के टाटी गरांव निवासी अजय आईंद की अपनी पत्नी बिरसी आईंद से अक्सर विवाद होता रहता था। अजय आईद के बड़े भाई अनूप आईंद ने बताया कि रविवार रात को करीब दस बजे भाई और उसकी पत्नी के साथ कहासुनी की आवाजें सुनाई दे रही थीं। सोमवार सुबह अजय ने अपने भाई अनूप को बताया कि उसने अपनी पत्नी की कुदाल से वारकर हत्या कर दी। उसके बाद अनूप ने ग्रामीणों और पुलिस को इसकी सूचना दी। सोमवार को पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में अजय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को सोमवार को संबंधित कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश से अजय को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# सरला बिरला में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने अपने परिसर में एथिक्स एण्ड इंटिग्रीटी विषय पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री सूरज शर्मा, चिन्मय विद्यालय, बोकारो के प्रधानाचार्य और अक्षय अग्रवाल, चीफ फैसिलिटेटर, रिसर्च एंड एनालिस्ट, माउंट लिटेरा जी स्कूल, जमशेदपुर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापिका परमजीत कौर व दोनों रिसोर्स पर्सन ने सम्मिलित रूप से किया। सत्र में रांची और उसके आस-पास के विभिन्न विद्यालयों से 58 शिक्षकों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया. उन्हें विभिन्न नवीन शिक्षण पद्धतियों के बारे में बताया गया, जिन्हें वे क्षमता-आधारित शिक्षा की सुविधा के लिए अपनी कक्षाओं में ले जा सकते हैं। इस सत्र में शिक्षक व शिक्षार्थियों को नई शिक्षण नीति और अन्य शैक्षिक गुणों के संबंध में बताया गया, जो नैतिकता और सत्यनिष्ठा के अनुप्रयोग की आवश्यकता पर बल देती है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने में स्कूल के समर्पित प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने शिक्षार्थियों को बच्चों को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में पाठ्यचर्या संचालन करने एवं स्वयं को सभी शैक्षणिक कौशलों से अवगत रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को नैतिकता सिखाने के महत्व पर भी जोर दिया।

---

**शिक्षा में बढ़ावा** | प्रतिभा का निवेश राष्ट्र के लिए समर्पित होना बहुत ही जरूरी

# बेहतर कल को आकार देने में शिक्षा जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि प्रतिभा का निवेश राष्ट्र के लिए समर्पित हो। कानून की पढ़ाई बड़ी है और इसमें अहम जिम्मेदारी भी है। अगर इन दोनों को गांव के साथ थोड़ा कनेक्ट करें, तो लोगों को कानून का दायरा पता चलेगा। उनके लिए न्याय हासिल करना भी आसान होगा। तब एक बदलाव का वातावरण बनेगा और कानून पढ़ने-पढ़ाने वाले इसके वाहक साबित होंगे। महतो सोमवार को रांची स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'आविर्भाव' के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेहतर कल को आकार देने में लॉ ग्रेजुएट्स की भूमिका अहम है। वे विषयों को तार्किक, बौद्धिक एवं वैचारिक रूप से रखने में सक्षम हैं। इस यूनिवर्सिटी से वे आग्रह करना चाहेंगे कि अपने ज्ञान और तजुर्बा के साथ कुछ वक्त गांवों को दें तो एक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स और कल्चर लोगों को जोड़ने के बेहतरीन माध्यम हैं। ये आपसी समन्वय और लगाव बढ़ाते हैं। कई क्षेत्रों की पहचान इन्हीं विषयों और चीजों से होती हैं। उन्होंने कहा मैं खुद भी एक खिलाड़ी रहा हूं और इस परिसर-समारोह में खेलने की इच्छा भी है पर वक्त की पाबंदी है। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि कई कमियों के बीच नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची ने देश में 22 वां रैंक स्थापित किया है। समारोह में कांके के विधायक समरी लाल, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो॰ केशवारांव वराकुल्ला, आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, मुजिबुल रहमान इत्यादि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## जय भारत सत्याग्रह के तहत प्रदेश कांग्रेस का उपवास 26 को

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि 26 अप्रैल को रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समीप प्रदेश स्तरीय जय भारत सत्याग्रह के तहत उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने सोमवार को बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इस संबंध में सभी जिला प्रभारी, प्रदेश महासचिवों को अपने अपने प्रभार जिलों के जिलाध्यक्षों से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि देश में बढ़ रही बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, अडाणी मामलों को लेकर कांग्रेस पूरे देशभर में चरणबद्ध आंदोलन चला रही है।

**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण,खूँटी)**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

खूँटी जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2023–24 में छात्र–छात्राओं के लिए खाद्यान्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दिनांक 06.05.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक समेकित जनजाति विकास अभिकरण कार्यालय, खूँटी में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। आपूर्ति से संबंधित सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्तों को आई0टी0डी0ए0 कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट एवं खूँटी जिला के वेबसाईट www.khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 295833 District(23-24).D

# झुमरी तिलैया : भाजपा की बैठक में 'मन की बात' सुनने पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला की एक बैठक कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी तथा संचालन जिला महामंत्री अनुप जोशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ऑनलाइन उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कि मन की बात का 100 वॉ एपिसोड कोडरमा जिले के सभी पंचायत स्तर पर हो और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को सूचना देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया ह जो बूथ अभी तक नहीं बन पाया है वह 29 तारीख तक बुथ बना कर बुथ कमिटी सशक्तिकरण के प्रभारी अनूप जोशी को जरूर दे दीजिए । प्रदेश से कार्यक्रम निर्धारित किया गया है कि भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर 1 महीने का कार्यक्रम दिया गया है जो सभी मंडलों में बूथ स्तर तक मनाया जाएगा । जिला अध्यक्ष नितेश चन्द्रवंशी,ने कहा कि इस महीने की अन्तिम रविवार दिनांक 30 अप्रैल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम की 100 वीं संस्करण है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निदेर्शानुसार मन की बात की 100 वीं कड़ी को प्रत्येक मंडल के सभी बूथों पर सुनना अनिवार्य है। इस निमित्त प्रत्येक बुथ पर यह कार्यक्रम करना है, साथ ही प्रत्येक विधानसभा में 100 स्थानों पर कम से कम 100 लोग या उससे अधिक लोग श्रोता के रूप में हो ऐसा कार्यक्रम करना है। जिला महामंत्री अनूप जोशी ने कहा बूथ कमेटी 29 तारीख तक अवश्य बनाने का प्रयास करे। बैठक में उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, जिला महामंत्री राजकुमार यादव,जिलाउपाध्यक्ष देवनारायन मोदी, शिवेन्द्र नारायण सिन्हा,जिला मंत्री सुधीर सिंह, शशि भूषण प्रसाद, बैजनाथ यादव,जिला मिडिया प्रभारी चन्द्र शेखर जोशी आदि उपस्थित थे।

### झुमरी तिलैया में संत निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर

# शिविर में 150 लोगों ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
संत निरंकारी मिशन ने मानव एकता दिवस के लेकर सोमवार को महतो अहरा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें झारखंड के कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, बिहार के नवादा के 150 सेवादारों ने रक्त दान किया। इसमें करीब 80 महिलाएं शामिल हैं। यह रक्त कोडरमा के सदर अस्पताल के ब्लड बैंक एवं स्वैच्छिक रक्तदाता संघ हजारीबाग के अध्यक्ष निर्मल जैन को 75-75 यूनिट उपलब्ध कराया गया। रक्त दान शिविर का शुभारंभ जोनल इंचार्ज 51 के प्रो. देवेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल को संत निरंकारी चैरिटेबल के द्वारा विश्व में मानवता की सेवा के लिए शिविर का आयोजन किया गया। सेवादारों ने मानवता के लिए रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि 1986 से लगातार रक्तदान शिविर कर सिलसिला जारी है। बाबा हरदेव सिंह जी माहाराज ने स्वयं रक्तदान कर इन कैंपों की शुरूआत की थी। उन्होंने संदेश दिया था कि खून नालियों में नहीं, नाड़ियों में अना चाहिए। रक्तदान के बाद सत्संग का भी आयोजन किया गया। इसमें बरही के सीके सिन्हा ने प्रवचन में कहा कि मानव में मानवता का गुण होना चाहिए। जाति धर्म से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करनी चाहिए। संत निरंकारी मिशन जन कल्याण की सेवा में लगा है। मौके पर क्षेत्रिय संचालक सुनील कुमार नवादा, झुमरी तिलैया के संयोजक सुंदर पांडेय, संचालक विजय विश्वकर्मा, सुमन झा, मनोज कुमार पांडेय, पिंटू वर्मा, सुधीर कुमार सोनी, प्रफुल्ल पासवान, अणु देवी, संगीता देवी, विनीता देवी, सुशीला देवी, चंद्रिका देवी, गीता देवी, पूजा कुमारी, ब्लड बैंक के डॉ. सुनील कुमार, तकनीसियन मो. जफर इकबाल, अमित कुमार, सूरज कुमार, हजीबाग के डॉ. नीरज कुमार, तकनिशियन मुरली प्रजापति, निहाल राज,अजीत कुमार, गोपाल कुमार मौजूद थे।

### डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# नियमित रूप से जांच अभियान चलाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने वैसी एजेंसिया जिनके द्वारा नियमित रूप से खनन संबंधित प्रतिवेदन नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है उनके महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अवैध मुहानों से हो रहे खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों एवं जिला खनन पदाधिकारी को इस पर विशेष ध्यान देते हुए मुहानों को बंद करने का कार्य सही तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आवश्यक जांच अभियान चलाने एवं अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु की गई कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्रों में सजग रहकर साइकिल से हो रहे कोयले के अवैध परिवहन पर विशेष ध्यान देने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में अवैध रूप से हो रहे हैं बालू के परिवहन पर रोक लगाने हेतु की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को योजनाबद्ध तरीके से इस संबंध में कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा अधिकारियों एवं विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ अवैध मुहानों से हो रहे खनन पर रोक लगाने हेतु किए जा रहे डोजरिंग को और भी प्रभावी बनाने के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही, उन्होंने ड्रोन बेस्ड सर्वे, वन चालान सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बड़का सयाल एवं अरगड्डा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ हजारीबाग मार्ग पर पड़ने वाले पुल पर सुरक्षा दृष्टिकोण से अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी के महाप्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को स्थल निरीक्षण करने एवं वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में कार्रवाई करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, अंचल अधिकारियों, एजेंसियों के महाप्रबंधकों/प्रतिनिधियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यायालय से फरार चार वारंटी गिरफ्तार भेजे गये जेल

**बरकट्ठा।** पुलिस ने रविवार रात को विभिन्न मामलों में न्यायालय से फरार वारंटी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाकर चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। सोमवार को गिरफ्तार वारंटियों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा। गिरफ्तार वारंटियों में महावीर भुइयां पिता घनु भुइयां ग्राम बरकनगांगो, नंदकिशोर महतो पिता स्व द्वारिका महतो ग्राम बरवां, लखन मंडल पिता स्व चुरी महतो ग्राम मासीपीढ़ी और भोला दास पिता भीखन दास ग्राम मुस्लिम टोला झुरझुरी शामिल है।

## रामरतन महर्षि बने अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष, संदीप सचिव केडिया

**झुमरी तिलैया।** अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन का कोडरमा जिला स्तरीय चुनाव श्री अग्रसेन भवन झुमरी तिलैया में आयोजित किया गया। चुनाव पदाधिकारी सुरेश जैन ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न कराया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मधुसूदन दारूका ने की। बैठक के दौरान नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामरतन महर्षि,उपाध्याय सुशील छाबड़ा एवं प्रदीप खाटूवाला, सचिव संदीप केडिया उर्फ पप्पू केडिया,उपसचिव प्रदीप सुरोलिया और मनोज केडिया कोषाध्यक्ष मनीष पेडीवाल, संरक्षक मधुसूदन दारूका चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामरतन महर्षि ने कहा कि झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नेतृत्व में कोडरमा का सामाजिक एकीकरण का कार्य करेगा।उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ सदस्यों के सहयोग से कई सामाजिक कार्य जैसे शिक्षा,स्वास्थ्य,कन्या भ्रूण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा। बैठक में दीनदयाल केडिया,महेश दारूका,पवन चौधरी,शिव रतन संघई,प्रदीप केडिया,गोपाल शर्मा,ओम खेतान,किशन संघई,कमल दारूका,राजेंद्र गुटगुटिया,नरेश जैन छाबड़ा,अजय अग्रवाल, नवीन पांड्या,संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## कोयला लदा वाहन पलटा, चालक घायल

**बरही ।** जीटी रोड पंचमाधव स्थित धोबियाडीह के पास कोयला लदा 407 वैन के पलटने से वाहनों की लम्बी कतार लग गई। घटना सुबह करीब आठ बजे की है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जेएच 4द 7621 वाहन धनबाद की ओर से आ रहा था। इसी क्रम में वाहन अचानक सड़क किनारे लगे पत्थर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोर थी की गाड़ी तीन पलटी करते हुए जीटी रोड पर गिर पड़ी। जिससे वाहन में लदा कोयला जीटी रोड पर बिखर गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई. सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर निरंजन सिंह दल बल के साथ पहुंचकर जाम हटाने का काम किया। पलटी किए गए गाड़ी को थाना लाया। वही दुर्घटना ग्रस्त चालक को अनुमंडलीय अस्पताल भेजने का काम किया।

## नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा 30 को

**झुमरी तिलैया।** जवाहर नवोदय विद्यालय के वर्ग 6 के लिए प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को होगी। यह परीक्षा जिले के 11 केंद्रों पर होगी जहां 80 सीटों के लिए लगभग 2200 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस बारे में नवोदय विद्यालय की प्राचार्या महुआ गुहा राय ने बताया कि सतगावां को छोड़कर सभी प्रखंडों में दो-दो सेंटर बनाए गए हैं। जबकि सतगावां में मात्र एक सेंटर बना है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा 500 परीक्षर्थी कोडरमा प्रखंड के दो केंद्रों पर परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि नवोदय से 12वीं पास चार छात्रों का चयन कनाडा के लिए हुआ है। इनमें से पंकज कुमार, आयुष कुमार, सिद्धार्थ कुमार और सचिन कुमार का चयन उच्च शिक्षा के लिए हुआ है। एक एनजीओ चारो छात्रों को पढ़ाई के लए कनाड़ा भेजेगा। इसके अलावा चार अन्य छात्रों का चयन दक्षेस के लिए हुआ है। इनमें से दो बच्चे नीट और दो बच्चे जेईई की पढ़ाई करेंगे।

## रजरप्पा मंदिर परिसर में यात्री शेड का डीसी ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ मंदिर रजरप्पा परिसर में मां छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति द्वारा नवनिर्मित यात्री शेड का सोमवार को उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने मां छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति द्वारा यात्री शेड शेड के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि न केवल इससे श्रद्धालुओं को गर्मी के दौरान लाइन में खड़े रहने में सुविधा होगी बल्कि मंदिर के विकास में भी इसका अहम योगदान होगा। मौके पर उपायुक्त ने सभी श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में साफ सफाई बनाए रखने, यत्र तत्र कूड़ा कचरा ना फेंकने एवं मंदिर में दर्शन के दौरान नियमों का पालन करने की अपील की।

## पश्चिमी सिंहभूम ने गिरिडीह को हराया

**झुमरी तिलैया।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्टिक अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर लीग मैच में सोमवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में पश्चिमी सिंहभूम और गिरिडीह के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर गिरिडीह ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पश्चिमी सिंहभूम ने 40 ओवर में 5 विकेट खोकर 265 रन बनाए। जिसमें साकेत ने 108 रन, अमत्र ने 88 रन और कार्तिक ने 19 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए गिरिडीह की ओर से सत्यम ने 3 विकेट एवं फुरकान और महेंद्र ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी गिरिडीह की टीम 19.5 ओवर में मात्र 66 रन ही बना सकी।

# पुलिस वाहन और कंटेंनर की टक्कर में पुलिसकर्मी की मौत, 12 घायल



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत मदनगुंडी गौरी नदी पुल के समीप कोडरमा पुलिस की एक वैन और कंटेनर वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी, जबकि झारखण्ड पुलिस के 12 पुलिस जवान घायल हुए हैं। जिनमें से छह जवानों को रेफर किया गया है। बताया गया कि सोमवार को दिन के करीब एक बजे कोडरमा पुलिस वैन तिलैया डैम ओपी से पुलिस जवानों को लेकर चंदवारा स्थित पुलिस लाइन जा रही थी। तभी गौरी नदी पुल के समीप सामने से आ रहे एक कंटेनर वाहन ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में पुलिस वैन पर सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस के सहयोग से सभी घायल पुलिस जवानों को पिकअप वाहन के जरिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पुलिस जवान गणेश कुमार को इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल पुलिस जवानों की स्थिति जानने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर भी सदर अस्पताल पहुंचे।

## बरही चौक पर यात्री शेड, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं : सिंकी देवी



**बरही ।** देश का सबसे बड़ा चौक होने के बावजूद पेयजल, शौचालय और यात्री शेड जैसे समस्या से आमजन सहित यात्रीगण परेशान है। इस दिशा में स्थानीय प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों ने भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया है । बरही चौक पर लगा हुआ हैंडपंप भी वर्षो से खराब है। इससे चिलचिलाती धूप में राहगीरों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। सामर्थ्य लोग तो औने पौने दाम में शीतल जल खरीद कर अपना प्यास बुझा लेते है। परंतु गरीब लोगो के लिए संकट बरकरार है। उक्त बाते बरही पश्चिमी की वार्ड नंबर तीन की वार्ड सदस्या सिंकी देवी ने कही। उन्होंने कहा कि इस दिशा में अब तक जलसहिया या पीडब्ल्यूडी भी गंभीरता नही दिखाया है। उन्होंने गर्मी की समस्याओं को देखते हुए बीडीओ सहित संबंधित पदाधिकारियों से अतिशीघ्र बरही चौक पर पेयजल की व्यवस्था करवाने की मांग किया है। इसके साथ ही शीघ्र ही बरही चौक पर यात्री शेड और शौचालय व्यवस्था करने का भी आग्रह किया है ।

## बरकट्ठा में चला सफाई अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत मुखिया अब्बास अंसारी ने पंचायत सचिवालय मे सफाई अभियान चलाया। मौके पर वार्ड सदस्य, सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका समेत उपस्थित ग्रामीणों को मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा झारखंड सरकार का कोई भी योजना पंचायत सचिवालय से ही निर्धारित होकर धरातल पर उतरती है। इसलिए हम सबों को पंचायत सचिवालय को साफ स्वच्छ रखना है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सफाई पर विशेष ध्यान रहता है। हम सब साफ रहें स्वस्थ रहें और सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं उपस्थित लोगों ने स्वच्छता के प्रति शपथ लेते हुए स्वच्छ पंचायत बनाने का संकल्प लिया। मौके पर मुकेश यादव, वार्ड सदस्य विनोद ठाकुर, पिंटू सोनी, मुस्ताक अंसारी, लक्ष्मण तूरी, सहिया क्रांति कुमारी, कलवा देवी, कोरेशा खातून, सेविका किरण देवी, जयंती देवी, दिव्या देवी जल सहिया चिंता देवी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# कैलाश राय सविमं में मनी वीर कुंवर सिंह की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह की जयंती सह विजयोत्सव मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू तथा मुख्य वक्ता नीरज कुमार ने दीप प्रज्वलन कर की। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में नीरज कुमार ने कहा कि इस प्रकार की जयंतियों से भारत मां के प्रति श्रद्धा भाव जगता है। वीर कुंवर सिंह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया । 80 वर्षों के हड्डी में जागा जोश पुराना था सब कहते हैं वीर कुंवर सिंह भी बड़ा वीर मर्दानां था। इस कविता को चरितार्थ करते हुए विद्यालय के भैया बहन ने भी अपने विचार रखे । मंच संचालन आचार्य प्रदीप कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन रामानुज पांडेय ने किया। आशीर्वचन के रूप में विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि हमें वीर कुंवर सिंह के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग कोडरमा के द्वारा विद्यालय में पूर्व नियोजित कार्यक्रम कार्यक्रमानुसार टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया ।

### स्कूली बच्चों को दिया गया रूबेला का टीका



धर्म

### श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ शुरू

# 1451 श्रद्धालु कलश यात्रा में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
श्रीश्री प्राचीन मां पंच बहिनी मंदिर विकास समिति लबगा द्वारा श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह नवापरायन 11 दिवसीय महायज्ञ का सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में 1451 श्रद्धालु शामिल थे। वहीं, कार्यक्रम में बतौर अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद , आजसू के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी शामिल हुए। मौके पर सर्वप्रथम मंदिर परिसर स्थित नलकारी नदी से पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा कलशों में जल भरवाया गया। उसके उपरांत कलश यात्रा भक्ति जयकारों के साथ यज्ञ स्थल से शुरू होकर रसदा, लबगा, जयनगर, बिरसा मार्केट, न्यू मार्केट आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा। जहां विधि-विधान से कलशों की स्थापना की गई। यज्ञ के प्रथम दिन पंचांग पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। महायज्ञ में बतौर यजमान रामेश्वर गोप, सुरेश गोप, लखन मुंडा, छठू प्रसाद, संजय प्रसाद, जनक साव, प्रकाश साव, शिव शंकर व रमेश यादव सपत्नी शामिल हुए। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को मण्डप प्रवेश, वेदी पूजन, तीसरे दिन अर्णीमंथन, हवन प्रारम्भ, चौथे दिन अन्नाधिवास, जलाधिवास, पांचवे दिन पुष्पाधिवास, फलाधिवास, छठे दिन वेदी पूजन, शय्याधिवास, सातवें दिन नगर भ्रमण एवं पूजन, आठवे दिन महाअभिषेक, नौवे दिन वेदी पूजन, सुन्दरकाण्ड पाठ, दसवें दिन मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और अंतिम दिन 4 मई को पूर्णाहूति एवं भण्डारा के साथ 11 दिवसीय महायज्ञ का समापन होगा। महायज्ञ में यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 प्रचेतश जी महाराज की देखरेख में आचार्य शशि मिश्रा, आचार्य धनंजय शरण, अमरेंद्र पांडेय, राजेश पांडेय, विकास पाठक, सोनू पांडेय, धर्मेश मिश्रा, दीपक शास्त्री, नर्वोत्तम पांडेय, ध्रुवेश मिश्रा, भारतेन्दु पांडेय, रूद्र प्रकाश शुल्क, श्याम किशोर मिश्रा द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाया जा रहा है।

## दूसरे दिन भी रामगढ़ जिले में हुई बारिश

**रामगढ़।** मौसम में आये बदलाव का असर राज्य के विभिन्न भागों के साथ रामगढ़ जिले में भी नजर आ रहा है। मौसम में हुए इस बदलाव के प्रभाव से सोमवार को लगातार दूसरे दिन जिला के रामगढ़, कैथा, कोठार, छत्तर मांडू, कुरूम, जमीरा, चाहा, बारलोंग आदि क्षेत्रों में बारिश हुई।

## डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई कवि रामधानी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि



**बरही।** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में कवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि मनाई गई । इस अवसर पर नवमी और दशमी के विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन और कविता गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य रोहित सिंह कविवर की जीवनी का परिचय देते हुए बताया कि साहित्य और राष्ट्रीय-सांस्कृतिक काव्यधारा के अग्रदूत रामधारी सिंह दिनकर बहुमुखी प्रतिभाके समृद्ध लेखक श्रेष्ठ आलोचक, तटस्थ इतिहासकार, कुशल निबंधकार एवं चिंतनशील लोकप्रिय कवि जाने जाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ कविवर के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । इस अवसर पर सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जरूरत के मुताबिक पानी की होगी व्यवस्था : बीडीओ

## धनबादः गोविंदपुर में जलसंकट पर बैठक रही हंगामेदार



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय परिसर में जल संकट को लेकर सोमवार 24 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक हंगामेदार रही। बैठक में विशेष रुप से उपस्थित बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि गोविंदपुर को ज्यादा पानी मिले, इसकी अनुशंसा जिला प्रशासन को की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खराब चापाकल की तत्काल मरम्मत एवं आवश्यकता के अनुसार नए चापाकल लगवाने का काम शीघ्र किया जाएगा. उन्होंने ग्रामीणों से प्रस्ताव मांगा है। बैठक में विगत शुक्रवार की रात 4 वल्व खोलकर ले जाने वालों से तत्काल वल्व लौटाने अन्यथा थाना में मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी गई। इसके 2 घंटे बाद लोगों ने वल्व लौटा दिए। जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी ने कहा कि भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गोविंदपुर को मिलने वाले 125 एमएलडी पानी के कोटा को बढ़ाकर 250 एमएलडी कराने के लिए ग्रामीणों का आवेदन सांसद की अनुशंसा के साथ उपायुक्त को दिया जाएगा। बैठक में गोविंदपुर पश्चिम के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र रजक ने ग्रामीणों द्वारा पीएचइडी परिसर में तोड़फोड़ की घटना की निंदा की। सांसद प्रतिनिधि बलराम साव ने कहा कि जलापूर्ति बढ़ाने के लिए उन्होंने सांसद अनुशंसित पत्र मुखिया ममता देवी व कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार को सौंपा है। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता शामिल हुए।

## मनरेगा के तहत कूप निर्माण कार्य का दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत के उकरीद सिदवारडीह निवासी छटू महतो को 2019-20 मनरेगा से कुआं का निर्माण कार्य का स्वकृति हुई थी। जिसका खुदाई कार्य पुर्ण हो चुका है। लाभुक के मुताबिक 3 साल बीत जाने के बाद भी मैटेरियल के अभाव कुआं अधूरा पड़ा हुआ है। लाभूक छटू महतो ने बताया कि मास्टर रुल के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख पेमेंट हुआ है। कहा की इसके बाद राशि का भुगतान नही हुआ है जिस कारण निर्माण पूरा नही हो पाया है ।इसकी जानकारी पर सोमवार को दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश कुआं का निरीक्षण करने पहुंचे। मंगलेश ने कहा कि सरकार आम लोगों को सिंचाई हेतु लाभ दिलाने के योजनाएं लाती है लेकिन योजना पर सही से कार्य नही होने से लाभुकों को दिक्कत होती है। सुधीर मंगलेश ने कहा कि कुआं का खुदाई कार्य तीन साल पहले पुर्ण हो चुका है लेकिन अभी तक अधूरा है।कहा प्रखंड क्षेत्र और ऐसे कई कुआं कुएं हैं जो अर्धनिर्मित पड़े हैं। कहा की इसकी शिकायत अधिकारियों से की जाएगी ।

## सड़क हादसे में दो की मौत, चार घायल

**गिरिडीह।** गिरिडीह डुमरी मुख्य मार्ग स्थित मुफ्फसिल थाना के बंदरकुप्पी के पास 24 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पहुंच स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत कार्य चलाया। चारो घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बगोदर थाना क्षेत्र के अटका के रहने वाले मो सरफुद्दीन व खलील परिवार के साथ 407 सवारी गाड़ी से सामान लेकर महेशमुंडा अपने जीजा ताहिर खान के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहें थे।इसी दौरान बंदरकुप्पी गांव में विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर से चकमा खाकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें 60 वर्षीय सरफुद्दीन की मौत मौके पर ही हो गई. इलाज के क्रम में 44 वर्षीय मो खलील की भी मौत हो गई। जबकि 11 वर्षीय सरफराज, 10 वर्षीय मनीषा खातून समेत अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए। एसडीपीओ अनिल सिंह व मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान भी घटनास्थल पर पहुंच जानकारी ली।

## भाभी को गोली मारने वाला गिरफ्तार

**हजारीबाग।** भाभी सुनीता देवी को गोली मारने वाला फुफेरा देवर शंकर प्रसाद को कोर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों नवादा जिले के रोह स्थित जागीर गांव के रहनेवाले हैं। हजारीबाग के बाबूगांव स्थित पकाही में रहकर दोनों गोलगप्पे का कारोबार करते थे। गोली लगने के बाद रिम्स में भर्ती सुनीता देवी के बयान पर उसके देवर को गिरफ्तार किया गया। सुनीता देवी ने बताया कि 21-22 अप्रैल की रात उसे देवर ने ही गोली मारी थी। देवर को साथ में कारोबार करने के लिए उसके पति दिनेश प्रसाद ने ही कुछ दिनों पहले उसे नवादा से बुलाकर अपने साथ रखा था। उसके पति का कारोबार फलता-फूलता देख उसे बर्दाश्त नहीं हुआ और कहासुनी में उसने सुनीता देवी पर गोली चला दी। एक गोली सुनीता देवी की बांह और दूसरी पसली में लगी। जब देवर पहले उससे विवाद करता था, तो उसे छोड़कर वे लोग मटवारी गांधी मैदान से मटवारी तालाब की ओर ठेला लगाने लगे। उसके बाद उसका देवर उसे और उसके पति को अक्सर डराने-धमकाने लगा था। पुलिस ने घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया है।

## जमीन कारोबारी की दो कारों में अपराधियों ने लगायी आग, दस्तावेज जलकर राख

**हजारीबाग।** जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र स्थित दीपूगढ़ा में अपराधियों ने जमीन कारोबारी की दो कारों में आग लगा दी। इस आगजनी में दोनों कार जलकर खाक हो गये। साथ ही कार में रखे जमीन संबंधी दस्तावेज भी जलकर राख हो गये। वाहन मालिक विजय प्रसाद मेहता ने कहा कि देर रात अपराधियों ने सड़क पर खड़ी उनकी दोनों कारों को आग के हवाले कर दिया। इस संबंध में कार मालिक ने थाना में आवेदन दिया है। विजय प्रसाद मेहता जमीन का कारोबार करते हैं। वह रात में दोनों गाड़ी सड़क के किनारे ही खड़ी करते थे। कार में ही वो जमीन संबंधी दस्तावेज भी रखते थे. आगजनी में कार में रखे जमीन के दस्तावेज भी जल गये। कार मालिक विजय प्रसाद मेहता मूल रूप से इचाक थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी हैं। रात में दोनों वाहनों जलता देख स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी कोर्रा थाने को दी। सूचना पाकर पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

## धनबाद : लोदना में नाली निर्माण में ठेकेदार व ग्रामीणों में मारपीट, 2 घायल

**धनबाद।** झरिया के लोदना ओपी क्षेत्र की मल्लाह पट्टी में दुर्गा मंदिर से रक्षा काली मंदिर तक सड़क के बगल से नाली निर्माण को लेकर 24 अप्रैल की शाम ठेकेदार व स्थानीय लोगों में मारपीट हो गई। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। पत्थरबाजी भी हुई। घटना में दोनों पक्ष के दो लोग घायल हो गए। घायल प्रिंस कुमार व रवींद्र पासवान का इलाज स्थानीय नर्सिंग होम मे चल रहा है। ठेकेदार अजय पासवान ने बताया कि नाली निर्माण के दौरान सागर निषाद अपने रिस्तेदार व कुछ साथियों के साथ आकर जबर्दस्ती अपने घर तक नाली बनाने की बात करने लगा। मना करने पर 5 बोरा सीमेंट की मांग करने लगा। फिर अचानक लाठी-डंडे से हमला कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के राममित्र निषाद ने बताया कि उसके बेटे प्रिंस कुमार ने सड़क व नाली निर्माण में अनिमियता की शिकायत की, तो ठेकेदार अजय पासवान के रिश्तेदारों व समर्थकों ने लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। इसके बाद उसे और परिवार वालों को भी जमकर पीटा गया। लोदना ओपी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## वाहन चेकिंग अभियान में 11000 रु. की वसूली

**लातेहार।** एनएच 22 स्थित थाना गेट के पास परिवहन विभाग एवं बालूमाथ पुलिस ने संयुक्त रूप वाहन जांच अभियान चलाया। डीटीओ कार्यालय कर्मचारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर परिवहन सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया। बालूमाथ क्षेत्र में आए हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जांच के दौरान 23 मोटरसाइकिल की जांच की गई। जिसमें 11 वाहन से कुल 11000 फाइन वसूल किया गया। बता दें कि विभाग द्वारा वाहन चेकिंग करने पर दो पहिया वाहन जो हेलमेट नहीं लगाए हुए थे, वह विभिन्न गलियों से आते जाते नजर आए।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**गिरिडीह।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के डुमरी गिरिडीह मुख्य मार्ग के हरलाडीह के समीप 24 अप्रैल को हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी दिलशान बिरवा ने बताया कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पीरटांड थाना क्षेत्र के मंगर तिलैया गांव निवासी सुखलाल महतो के पुत्र लखन राम महतो की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है।

# सांसद ने अनाथ बच्चों के बीच बांटे पोषक आहार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों को सहायता उपलब्ध करवा रहे हैं। फीडिंग इंडिया व जोमाटो इसमें सीएसआर मद से सहयोग दे रहे हैं। सांसद ने सोमवार को हजारीबाग स्थित अपने आवास पर लगभग 50 बच्चों को राशन की तीसरी किस्त वितरित की। इससे पहले भी सैकड़ों बच्चों को राशन उपलब्ध करवाया जा चुका है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में ऐसे बच्चे, जो कोरोना काल में अपने माता-पिता या इनमें से किन्हीं एक को खो चुके हैं, वे तत्काल सांसद कार्यालय अटल सेवा केंद्र से 9471136164/65/66 पर संपर्क करें. उनकी शिक्षा समेत एक साल तक निःशुल्क राशन की व्यवस्था करवाएंगे। इन बच्चों को एजुकेशन किट दी गई है, जिसमें ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने के लिए लगभग ?20 हजार की टैबलेट है। साथ ही अनएकेडेमी के एक साल के निःशुल्क सब्सक्रिप्शन के साथ स्टेशनरी भी दी गई है। इसमें 12 नोटबुक, 10 पेन, 10 पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स आदि हैं। साथ ही इन बच्चों को पूरे एक वर्ष तक निःशुल्क राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्हें बेहतर पोषण मिले इसके लिए मोटा अनाज समेत बाजरे व रागी के लड्डू भी दिए जाएंगे। इस राशन किट में 10 किलो आटा, 20 किलो चावल, चार किलो चना दाल, दो किलो सोयाबीन, एक किलो नमक, एक किलो रिफाइंड तेल समेत हल्दी आदि हैं।

## खनन मामले में कार्रवाई पर डीसी ने जताया असंतोष

# माफियाओं पर अंकुश लगाएं



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। टास्क फोर्स की बैठक में बालू, पत्थर, कोयला के अवैध खनन एवं व्यापार, परिवहन की रोकथाम पर गहन समीक्षा की गई। मौके पर मार्च से मध्य अप्रैल के बीच अंचल, थाना, खनन एवं परिवहन सहित संबंधित विभागों की ओर से एकल एवं संयुक्त स्तर पर की गई कार्रवाई की समीक्षा पर उपायुक्त ने असंतोष जाहिर करते हुए खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए आपसी समन्वय बनाकर संयुक्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आवश्यकतानुसार अपने सूचना तंत्र को अधिक प्रभावी बनाकर कार्रवाई की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए जब्त किए गए वाहनों एवं दोषियों पर माइनिंग व परिवहन एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत एक साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने इको सेंसेटिव जोन एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों पर संचालित अवैध क्रशरों को तुरंत ध्वस्त करने और विद्युत कनेक्शन विच्छेद करते हुए फौरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए टास्क फोर्स की टीम का नेतृत्व करने, सूचना तंत्र का प्रयोग कर पूरी तैयारी के साथ प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को मानक अनुरूप व्यवसाय नहीं करने वालों पर प्रावधान के अनुरूप कार्रवाई करने, लाइसेंस रद्द करने जैसी कार्रवाई करने तथा दिए गए नोटिस का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता राकेश रौशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सहायक समाहर्ता शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजूर एवं सदर के विद्या भूषण कुमार, जिला खनन पदाधिकारी सहित अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, टास्क फोर्स के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक के निलंबन के खिलाफ शिक्षक हुए गोलबंद



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** प्लस 2 उच्च विद्यालय पेटरवार के प्रभारी प्रधानाध्यापक कपिलदेव ठाकुर के निलंबन के विरोध में शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार 24 अप्रैल को शिक्षकों ने निलंबन के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बोकारो जिले के प्लस 2 उच्च विद्यालय व इंटर कॉलेज के शिक्षक शामिल थे। शिक्षकों ने इंटरमीडिएट विज्ञान मूल्यांकन केंद्र, रामरुद्र प्लस 2 उच्च विद्यालय, चास और कला मूल्यांकन केंद्र राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय, लकड़ाखंदा, बोकारो में विरोध जताया. शिक्षकों ने एक स्वर में माध्यमिक शिक्षा निदेशक से निलंबित शिक्षक का निलंबन वापस लेने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। प्लस 2 शिक्षक संघ, बोकारो के सचिव डॉ.एके.झा, संयुक्त सचिव भरत महतो, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, मीडिया प्रभारी गौरव दूबे, राज्य प्रतिनिधि संतोष महतो, प्रधानाध्यापक नाहिद अख्तर, पूर्व अध्यक्ष डॉ.अजय पाठक, हरेकृष्ण बागभट्ट, फारुक अंसारी, सत्येंद्र कुमार, रजनीगंधा, अंबुज कुमार, संतोष सिंह, धनंजय कुमार, रामबाबू शुक्ल, मुकेश प्रियंकर, अंबिका कुमारी, विजय कुमार सिंह, एसके दास, रेखा कुमारी, हिरण्यमय दण्डपात सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

## दो भाईयों और उनके परिवार में मारपीट आधा दर्जन घायल

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ मुसहरी टोला में सोमवार 24 अप्रैल को ईंट बालू रखने के विवाद को लेकर दो भाईयों और उनके परिवार में जमकर मारपीट हो गई। घटना में आधा दर्जन महिला और पुरुष घायल हुए। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से गावां थाना में लिखित आवेदन दिया गया। जहां से सभी घायलों को इलाज के लिए गावां सीएचसी भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार प्रथम पक्ष के प्रीतम मुसहर उम्र 60 वर्ष पिता स्व जगदीश मुसहर, पत्नी फुलवा देवी उम्र 55 वर्ष और बहु कंचन देवी उम्र 28 वर्ष पति दिनेश मुसहर और दूसरे पक्ष के सोमर मुसहर उम्र 42 वर्ष स्व जगदीश मुसहर पत्नी गौरवा देवी उम्र 36 वर्ष और इनके पुत्र शिबू कुमार उम्र 14 वर्ष के बीच बालू और ईंट रखने को लेकर कहासुनी शुरू हुई।

# निगम की टीम पर दुकानदारों ने अवैध वसूली का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** हीरापुर हटिया की दुकानों में सोमवार को ट्रेड लाइसेंस की जांच करने पहुंची नगर निगम की टीम को भारी विरोध का समाना करना पड़ा। दुकानदारों के हंगामा के बाद निगम के अधिकारियों को बैरंग लौटना पड़ा। निगम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। फिर देखते ही देखते अन्य लोगों की भीड़ वहां जमा हो गईं। इसके बाद सभी दुकानदार एक साथ हंगामा करने लगे। दुकानदारों ने बताया कि निगम के अधिकारी अवैध वसूली कर रहे हैं। बकाया राशि के नाम पर 5, 10 और 15 हजार तक वसूली की जा रही है। आज भी चार, पांच दुकानदारों से वसूली की जा रही थी, जिसका विरोध किया है। पहले दुकान का बकाया 80 प्रतिशत था, अब सिर्फ 15 प्रतिशत रह गया है। हटिया चेंबर ऑफ कामर्स के माध्यम से महीने में दो बार कैंप लगाया जाता है।

**जागरूक** | राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर मुखिया ने आयोजित किया सम्मान समारोह

# जर्जर पंचायत भवन का होगा जीर्णोद्धार : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर धनवार पंचायत के पैक्स भवन में मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमे करियातपुर बीओआई के शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद, रोहित कुमार, पूर्व प्रमुख रामसहाय महतो, पंचायत समिति सदस्य संतोषी देवी, उपमुखिया दामोदर प्रसाद, महिला नेता ममता देवी सहित सहिया, जलसहिया, एएनएम, शिक्षक, समाजसेवी, किसान मित्र, पत्रकार, पूर्व जनप्रतिनिधि सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद थे । कार्यक्रम मुखिया की अध्यक्षता और ब्रह्मदेव यादव व पत्रकार अजय कुशवाहा के संयुक्त संचालन में संपन्न हुआ । जिसमे बतौर मुख्यातिथि बीडीओ सी आर इंदीवर शामिल हुए । कार्यक्रम शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते बीडीओ ने कहा कि यह प्रखंड का पहला पंचायत है जहां नियमित कार्यक्रम कर नागरिकों को जागरूक किया जाता है । इसके लिए पंचायत के मुखिया प्रशंसा के पात्र है। उनकी कार्यप्रणाली सदैव आम जनता तक योजनाओ की जानकारी देने का काम किया है। जो जनता, जनप्रतिनिधि और सरकारी कर्मियों के बीच तालमेल बैठाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का यह एक उत्तम तरीका है । जो पंचायती राज व्यवस्था का भी मुख्यतः मूल उद्देश्य भी है । जहां योजनाओ का चयन जनता करे ताकि सरकारी पैसे का जनहित में सही सदुपयोग हो। मुखिया ने कहा कि पंचायती राज गांधी जी का सपना था । जहां गांव का विकास गांव के लोग ही मिलकर करने का लक्ष्य था । उन्होंने सत्ता का विकेंद्रीकरण करने का प्रयास किया था । परंतु आज यह पूर्ण सफल नहीं हो पा रहा है, इसके लिए जनप्रतिनिधियों और जनता दोनो को जागरूक होना होगा ।मौके पर मुखिया ने जर्जर पंचायत भावन को दो माह के अंदर दुरुस्त करने की बात करते हुए पंचायत का अगला बैठक पंचायत सचिवालय में ही करने की घोषणा किया ।कार्यक्रम के अंत में सौ से भी अधिक लोगो को



सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में राजस्व कर्मचारी त्रिलोकी प्रसाद, जनसेवक उपेंद्र कुमार, शिक्षक अफरोज आलम, वार्ड सदस्य रंजना देवी, राजन कुमार, मोनिका देवी, चांदनी कुमारी, रुकैया खातून जैनुम खातून, लक्ष्मी कुमारी, अर्चना कुमारी, मालती कुमारी, गुड़िया कुमारी, कोरियाडीह उमवि के प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, रामजी प्रसाद, सीताराम, अजीत कुमार, रेखा कुमारी, मधुबाला कुमारी आदि सहित कई लोग मौजूद थे । विदित हो कि 24 अप्रैल को पूरे देश में पंचायती राज दिवस मनाया जाता है ।इसे लेकर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

